मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
संख्या Receipt No. 5376
दिनांक Date 6.1.2023

Central Dak Receipt Centre
MNNIT ALLAHABAD
Receipt No.: 9736
Date: 06-1-23

संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
प्रयागराज–211004 (भारत)
Department of Computer Science & Engineering
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
Prayagraj - 211 004 (India)

No. 413 /CSED/2023　　　　　　　　दिनांक : जनवरी 05, 2023

<u>कुलसचिव</u>

सूचित करना है कि संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा आनलाईन माध्यम से दिनांक 27-12-2022 को "तकनीकी क्षेत्र में हिन्दी का प्रयोग एवं महत्व" पर एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के संकाय सदस्यों, अधिकारियों/कर्मचारियों एवं विभाग के शोध छात्रों ने भाग लिया। इस कार्यशाला में 83 प्रतिभागियों ने आनलाईन माध्यम से भाग लिया, जिसका उद्घाटन प्रो0 आर0एस0 वर्मा (निदेशक) द्वारा किया गया। कार्यशाला की मुख्य बाते निम्नलिखित हैं -

1. इस कार्यशाला में पहले उद्घाटन सत्र एवं कार्यक्रम की रूपरेखा डा0 रणविजय द्वारा प्रस्तुत की गयी।
2. इसके पश्चात आचार्य धर्मेन्द्र कुमार यादव, विभागाध्यक्ष द्वारा सम्बोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने प्रतिभाग लेने वाले सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। साथ ही उन्होंने विभाग द्वारा हिंदी भाषा में किये जा रहे पत्राचारों के सम्बन्ध में संक्षिप्त जानकारी प्रदान की।
3. तत्पश्चात निदेशक महोदय द्वारा सम्बोधन दिया गया, जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर भाषा समन्वय पर जोर दिया एवं तकनीकी क्षेत्र में हिन्दी भाषा के प्रयोग पर बल दिया।
4. आमंत्रित प्रथम विशेषज्ञ श्री निर्मल कुमार दुबे, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन), उत्तरी क्षेत्र-2, गाजियाबाद ने राजभाषा की नीति एवं कम्प्यूटर में हिंदी के इस्तेमाल हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दी।
5. आमंत्रित द्वितीय विशेषज्ञ श्री हरिकृष्ण तिवारी, सहायक निदेशक राजभाषा, आयकर विभाग, प्रयागराज द्वारा इस कार्यशाला में हिंदी भाषा की सरलता और इसके इस्तेमाल पर विस्तार से जानकारी दी गयी।
6. इस कार्यशाला का संयोजन डा0 रणविजय जी एवं धन्यवाद ज्ञापन डा0 आशीष कुमार मौर्य जी द्वारा दिया गया।

अतः आपको अवगत कराना है कि एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला सुचारू रूप से सम्पन्न हुई।

5/01/2023

(धर्मेन्द्र कुमार यादव)
विभागाध्यक्ष

विभागाध्यक्ष/Head of Department
संगणक विज्ञान एवं अभियांत्रिकी विभाग
Department of Computer Science and Engineering
मोतीलाल नेहरू राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान इलाहाबाद
Motilal Nehru National Institute of Technology Allahabad
प्रयागराज-211004 (भारत)/Prayagraj-211004 (India)

सहा0कु0स0-I / कु0कार्या0
प्रेषित
व0अधी0
हि0 अधि0
09.01.